All the members are informed that (a) the business as set out in the notice of 38th AGM may be transacted through voting by electronic means; (b) the remote e-voting shall commence on **Saturday, the 3rd September, 2022 at 9:00 A.M.**; (c) the remote e-voting shall end on **Tuesday, the 6th September, 2022 at 5:00 P.M.**; (d) the cut-off date for reckoning the rights of Members for remote e-voting/ e-voting is **Wednesday, the 31st August, 2022**; (e) the remote e-voting shall not be allowed **after 5:00 P.M. on Tuesday, the 6th September, 2022**; (f) E-voting shall also be made available during the 38th AGM; (g) the members who have cast their vote on resolution(s) by remote e-voting prior to the AGM will also be eligible to participate at the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again during the 38th AGM; (h) person whose name is recorded in the register of Members/Beneficial Owners maintained by the depositories as on cut-off date i.e **Wednesday, 31st August, 2022** shall only be entitled to avail the facility of remote e-voting and e-voting at the AGM; (i) Persons who have acquired shares and become members of the Company after the notice has been sent electronically and holding shares as on the cut-off date i.e. **Wednesday, the 31st August, 2022** may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or admin@mcsregistrars.com; and (j) in case of queries, Members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for members and e-voting user manual for members at the 'downloads' section of www.evoting.nsdl.com or contact Ms. Soni Singh, Assistant Manager, NSDL Trade World, 'A' wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai- 400013, at evoting@nsdl.co.in, Toll Free No. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 who will also address the grievances connected with the electronic voting. Members may also e-mail to the Company Secretary at compliance.officer@indiaglycols.com or send a letter at the Head office at Plot No. 2-B, Sector 126, Noida- 201304, Uttar Pradesh.

Members whose e-mail addresses are not registered with the Company/Depository Participant, may get the same registered by following below instruction, in order to obtain Annual Report for the Financial Year 2021-22:

Physical Holding	Members holding shares in physical mode are requested to register/ update their email addresses by writing to MCS Share Transfer Agent Limited ("the RTA") at F-65, 1st Floor, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi- 110020 or email at admin@mcsregistrars.com along with the copy of the signed request letter mentioning the name, folio number and address of the Member, self-attested copy of the PAN card, self-attested copy of Aadhar and copy of share certificate (front & back).
Demat Holding	Members holding shares in dematerialized mode are requested to register/update their email addresses by following the process mentioned above under- Physical Holding and send 16 digit DPID & Client ID in place of Folio No. along with scanned copy of self-attested Client Master copy or consolidated Demat Account Statement.

SEBI vide its circular No SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 dated 3rd November, 2021 has mandated registration of PAN, KYC details including e-mail addresses and Nomination, by holders of physical securities. Members holding shares in physical form are requested to submit their PAN, KYC details including e-mail addresses and Nomination details by sending the prescribed forms to RTA at F-65, 1st Floor, Okhla Industrial Area, Phase I, New Delhi - 110020 or email at admin@mcsregistrars.com. The Company has also sent individual letters to all the Members holding shares of the Company in physical form in this regard. The letters and requisite forms are available on the Company's website (www.indiaglycols.com) under investor relations section. Members holding shares in electronic form are requested to verify and update their KYC details including e-mail addresses/ Bank mandate(s) or details of nomination to their respective Depository Participants.

The Company has appointed Shri Ashish Saxena (C.P. No.7096) of Ashish Saxena & Co., Company Secretaries, Ghaziabad as the scrutinizer to scrutinize the voting and remote e-voting process in fair and transparent manner.

For India Glycols Limited
Sd/-
Ankur Jain
Company Secretary

Place : Noida, U.P.
Dated : 13th August, 2022

खस्ताहाल सड़कों का जायजा लेने मैदान में उतरे प्रमुख अभियंता

देहरादून। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियन्ता अय्याज अहमद ने शनिवार को जनपद की प्रमुख सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कावंली रोड, चकराता रोड, राजपुर रोड सुभाष रोड, सहारनपुर रोड सहित कई सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर हो रहे गड्ढो को भरने,अनाधिकृत रैम्पो को तोड़ने, ड्रेन स्पॉट को चैड़ा एवं इंकलाईट लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए को स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिए गए। हालांकि गांधी पार्क, सहारनपुर रोड, लैन्सडाउन चौक पर लोनिवि प्रान्तीय खण्ड द्वारा ईमलशन से बन रहे पैच कार्यों पर संतोष व्यक्त किया पैच कार्यों को निरन्तर रूप से बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता सीएम पाण्डे,अधिशासी अभियंता डीसी नौटियाल एवं रचना थपलियाल,सहायक अभियंता मो. आमिर ,अरूण भण्डारी,राजेन्द्र पाल एमएस नेगी,कनिष्ठ अभियन्ता मुश्ताक आलम,विनीत सैनी,पुष्पेन्द्र कुमार,अखिलेश, आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
उत्तराखण्ड वन विकास निगम, टनकपुर (चम्पावत)

नीलाम तिथि परिवर्तन सूचना

उत्तराखण्ड वन विकास निगम के समस्त इच्छुक पंजीकृत/अपंजीकृत क्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि टनकपुर विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत होने वाले टनकपुर प्रथम, टनकपुर द्वितीय एवं टनकपुर तृतीय डिपोओं के प्रकाष्ठ, जड़, जलौनी का सार्वजनिक नीलाम दिनांक 19.08.2022 को जन्माष्टमी पर्व का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण, उक्त डिपोओ के प्रकाष्ठ, जड़, जलौनी का सार्वजनिक नीलाम दिनांक– 22.08.2022 को खटीमा डिपों, नौगवां डिपो प्रथम एवं नौगवां डिपो द्वितीय के प्रकाष्ठ, जड़, जलौनी के सार्वजनिक नीलाम दिनांक– 22.08.2022 के साथ प्रातः 11:00 बजे से खटीमा डिपो के नीलाम हॉल में सम्पन्न किया जायेगा। शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी। अतः समस्त इच्छुक पंजीकृत एवं अपंजीकृत क्रेतागण नीलाम में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करने का कष्ट करेंगे। विक्रय सूची website : www.uafdc.in से भी डाउनलोड की जा सकती हैं। दूरभाष:– 05943–285283, 9568003219

पत्रांक सं. : 976/नीलाम सूचना
दिनांक : 10.08.2022

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
टनकपुर

कुम्हारगढ़ा गोलीकांड के आरोपी दबोचे

हरिद्वार। कुम्हारगढ़ा गोलीकांड में कनखल पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से देशी तमंचा व दो कारतूस भी पुलिस ने बरामद किए हैं। बीती 11 अगस्त को कनखल स्थित कुम्हारगढ़ा में देशी तमंचे से किए फायर में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया था। गोली लगने से घायल हुए युवक संजू पुत्र गेदन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूरी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गयी थी। घायल युवक की मां ने तीन युवकों को नामजद करते हुए जान से मारने के इरादे से गोली चलाए जाने का मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में लगी पुलिस टीम ने कनखल शमशान घाट के पास से आरोपी युवकों करन उर्फ कन्नू पुत्र रघुनाथ निवासी कुम्हारगढ़ा कनखल, रवि उर्फ सरदार पुत्र गोपाल निवासी सतीघाट कनखल व नितिन पुत्र स्व.तेजपाल निवासी इन्द्राबस्ती इंडस्ट्रियल एरिया हरिद्वार को घटना में प्रयुक्त देशी तमंचे व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी करन उर्फ कन्नू शातिर किस्म का गुण्डा प्रवृत्ति का युवक है और अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता

विद्यार्थियों के राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से महाराज गदगद

75वें स्वतंत्रता दिवस पर आईएचएम ने बनाये तीन रंगों से निर्मित 75 प्रकार के व्यंजन

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण,सिंचाई,जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आईएचएम में शैफ कम्पीटीशन, मॉकटेल कम्पीटेशन तथा हाउस कीपिंग कम्पीटीशन के प्रतियोगियों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ राष्ट्र ध्वज के तीन रंगों की रंगोली तथा तीन रंगो से निर्मित 75 प्रकार के व्यंजनों का अवलोकन किया।

प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शनिवार को पर्यटन विकास परिषद के गढ़ी कैंट स्थित आईएचएम में वहां के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्र ध्वज के तीन रंगों की रंगोली तथा तीन रंगो से निर्मित 75 प्रकार के व्यंजनों का अवलोकन करने के साथ-साथ शैफ कम्पीटीशन,मॉकटेल कम्पीटेशन तथा हाउस कीपिंग प्रतियोगिता के प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

होटल प्रबंध संस्थान में विद्यार्थियों द्वारा तैयार 75 व्यंजनों का अवलोकन करते मंत्री सतपाल महाराज

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आईएचएम के छात्र-छात्राओं संस्थान के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में अपने सांस्कृतिक और गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर तिरंगा अभियान' की 13 अगस्त से शुरूआत की है। इसी के तहत आईएचएम के द्वारा भी विशेष प्रदर्शन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आईएचएम संस्थान 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। इसी के तहत कुछ प्रतियोगिताएं कम्पीटीशन आयोजित करने के अलावा 14 एवं 15 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव और 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आईएचएम के मुख्य आकर्षण राष्ट्र ध्वज के तीन रंगों की रंगोली तथा तीन रंगों से निर्मित 75 प्रकार के व्यंजन रहे हैं। इन व्यंजनों में सैंडविच, समोसे, इडली, केक, बिस्कुट, पिजा, मॉकटेल, चाउमिन, रायता, वैजपुलाव, मुजकेक, मोमो, घेवर, स्प्रिंग रोल, ढोकला, फिरनी, खीर,पोहा,पास्ता, फ्रूट सलाद,हरा सलाद, बेकड वैजीटेबल, चॉकलेट, एकलेयरस, स्वीज रोल, नारियल लड्डू रसगुल्ला,गुलाब जामुन,बर्फी, श्रीखण्ड आदि का प्रदर्शन यहां अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं की मेहनत और राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को प्रदर्शित करता है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इस अवसर पर आईएचएम में आयोजित शेफ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सुशांक पुंडीर और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आशीष पंत, बेकरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दीपक बिनवाल व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सुशांत उनियाल,मॉकटेल प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फैसल खान,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत मल्होत्रा,जबकि कक्ष डिवीजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निधि और सेलेस्टिना के अलावा द्वितीय स्थान पर रहे तनिश पांडे, शिवालिक राणा, नवनीत राजेंद्रन और निहारिका अग्रवाल को सम्मानित करने के साथ-साथ पुरस्कृत भी किया।

कार्यक्रम में आईएचएम संस्थान प्राचार्य डा.जगदीप खन्ना सहित अनेक छात्र-छात्राएं और संस्थान के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, जसपुर-244713, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
दूरभाष: +91 5947 269000/269600, फैक्स: +91 5947 275315/269535;
ई-मेल: compliance officer@indiaglycols.com; वेबसाइट: www.indiaglycols.com
सीआईएन: L24111UR1983PLC006697

38वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 38वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **बुधवार, 7 सितम्बर, 2022 को प्रातः 11.00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वी सी")/अन्य ऑडियो विजिबो माध्यमों ("ओ ए वी एम")** सुविधा के माध्यम से सूचना में निर्धारित कारोबार के निष्पादन के लिए आयोजित की जाएगी। कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के तहत प्रावधानों और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("सेबी सूचीकरण विनियम") के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021 एवं 02/2022 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 14 दिसम्बर, 2021 एवं 5 मई, 2022 ("एम सी ए परिपत्र") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी2/सीआईआर/पी/2021/11 एवं सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी2/सीआईआर/पी/2022/62 क्रमशः दिनांक 15 जनवरी, 2021 एवं 13 मई, 2022 ("सेबी परिपत्र") के अनुपालन में अन्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना ए जी एम वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ए जी एम का अनुपालित स्थान पंजीकृत कार्यालय अर्थात् ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, जसपुर-244713, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड होगा।

एम सी ए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, 38वीं ए जी एम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण (समेकित वित्तीय विवरण सहित), उस पर लेखापरीक्षकों एवं बोर्ड की रिपोर्ट शामिल हैं, उन सभी सदस्यों को जिनका ई-मेल के माध्यम से पंजीकृत हैं और इसे भेजने का कार्य शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 को पूरा कर लिया गया है। 38वीं ए जी एम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एन एस डी एल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

सदस्यगण जिन्हें 38वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है, वे इसके कम्पनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या कम्पनी सचिव को ई-मेल compliance officer@indiaglycols.com पर लिख सकते हैं।

कम्पनी अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित उसके अधीन बनाए नियमों और सेबी सूचीकरण विनियम के विनियम 42 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निदेशक मंडल द्वारा 26 मई, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के रु. 7.50/- प्रति इक्विटी शेयर (अर्थात् @75%) लाभांश की अनुशंसा के अनुसरण लाभांश के भुगतान के लिए सदस्यों की योग्यता के निर्धारण और ए जी एम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक **बृहस्पतिवार, 1 सितम्बर, 2022 से बुधवार 7 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिवस सम्मिलित)** बंद रहेंगे। लाभांश, यदि ए जी एम में घोषित किया जाता है तो (क) बुधवार, 31 अगस्त, 2022 को डिपॉजिटरीज द्वारा कम्पनी को उपलब्ध कराए गए लाभार्थी स्वामियों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले लाभार्थी स्वामी और (ख) बुधवार, 31 अगस्त, 2022 को या उससे पूर्व कम्पनी/शेयर ट्रांसफर एजेंट, एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ("आर टी ए") के साथ धारित सभी वैध शेयर ट्रांसफर/डिमटेरियलाइजेशन के प्रलंबित लम्बते हुए भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों को कम्पनी के एजीएम की तिथि से 30 दिनों के भीतर भुगतान/डिस्पैच किया जाएगा।

इसके अलावा, वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार में 1 अप्रैल, 2020 को या उसके बाद कम्पनी द्वारा भुगतान या वितरित किया जाने वाला लाभांश सदस्यों की ओर करयोग्य होगा, इसलिए कम्पनी को लाभांश का भुगतान करते समय निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर कटौती करनी होगी। विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित दरों हेतु कृपया वित्त अधिनियम, 2020 एवं उसके किये गये संशोधनों के साथ ही ई-मेल के माध्यम से पहले से सदस्यों को भेजे गये डिस्पूट चालान का अवलोकन करें जो कि https://www.indiaglycols.com/investors/shareholders-communication.htm पर उपलब्ध है।

एम सी ए सामान्य परिपत्र 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 के अनुसरण में कम्पनियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों/ई-मेल का उपयोग करके सदस्यों के लाभांश सीधे उनके बैंक खातों में जमा करने के निर्देश हैं। तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि डिमटेरियलाइज्ड प्रारूप में शेयरधारण करने वाले सदस्यगण अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स और भौतिक प्रारूप में शेयरधारण करने वाले सदस्यगण आर टी ए के पास अपना बैंक खाता विवरण उपलब्ध/अपडेट कराएं। इलेक्ट्रॉनिक बैंक अधिदेशों के गैर-पंजीकरण के कारण कम्पनी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किसी सदस्य को लाभांश का भुगतान करने में असफल होगी, कंपनी ऐसे सदस्य को लाभांश वारंट प्रेषित करेगी।

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 105 के प्रावधानों के साथ पठित उसके अधीन बनाए नियमों और सेबी सूचीकरण विनियम के विनियम 44 के अनुसरण में कम्पनी अपने सदस्यों को ए जी एम की सूचना में निर्धारित किये जाने वाले कारोबार के संबंध में ए जी एम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग और ए जी एम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है और इस प्रयोजन के लिए कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग को सुगम बनाने हेतु एन एस डी एल को नियुक्त किया है। ए जी एम की सूचना में अन्य बातों के अतिरिक्त रिमोट ई-वोटिंग एवं ए जी एम के दौरान ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं पद्धति तथा भौतिक प्रारूप या डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों जिनके अपना ई-मेल पता कम्पनी/डी पी के पास पंजीकृत नहीं कराया है, के लिए लॉगइन क्रेडेंशियल्स के संबंध में निर्देशों के साथ ए जी एम में शामिल होने के लिए निर्देश दिये गये हैं। सदस्यों का रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 31 अगस्त, 2022 को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्सेदारी के अनुपातिक होगा।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (क) 38वीं ए जी एम की सूचना में निर्धारित कारोबार का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है; (ख) रिमोट ई-वोटिंग अवधि **शनिवार, 3 सितम्बर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे** प्रारंभ होगी; (ग) रिमोट ई-वोटिंग उसके **मंगलवार, 6 सितम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे** समाप्त होगी; (घ) रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के लिए सदस्यों के अधिकार की गणना हेतु कट-ऑफ तिथि **बुधवार, 31 अगस्त, 2022** है; (ङ) **मंगलवार, 6 सितम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे** के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी; (च) 38वीं ए जी एम के दौरान ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी; (छ) सदस्यगण जिन्होंने ए जी एम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट दे दिया है, वे भी वी सी/ओ ए वी एम के माध्यम से ए जी एम में भाग ले सकते हैं लेकिन उन्हें 38वीं ए जी एम के दौरान में दोबारा अपना वोट देने का अधिकार नहीं होगा; (ज) ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् **बुधवार, 31 अगस्त, 2022** को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरीज द्वारा तैयार की गई लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज होगा, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग या ए जी एम में वोटिंग के लिए हकदार होंगे; (झ) ऐसा व्यक्ति जो शेयर अधिग्रहीत करता है और सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् **बुधवार, 31 अगस्त, 2022** को शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in या admin@mcsregistrars.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, और (ञ) किसी भी पूछताछ के लिए सदस्यगण www.evoting.nsdl.com के 'डाउनलोड' सैक्शन पर सदस्यों द्वारा अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ ए क्यू) और सदस्यों के लिए ई-वोटिंग पुस्तिका का अवलोकन करें या सूची होने तिथि, सहायक प्रबंधक, एन एस डी एल, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, कमला मिल कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400 013 से ई-मेल: evoting@nsdl.co.in पर या टोल फ्री नं. 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़ी सभी समस्याओं का निपटान करेंगे। सदस्यगण ई-मेल आईडी compliance officer@indiaglycols.com पर कम्पनी सचिव को भी लिख सकते हैं और मुख्य कार्यालय प्लॉट नं. 2-बी, सैक्टर-126, नोएडा-201304, उत्तर प्रदेश को भी लिख सकते हैं।

सदस्यगण जिन्होंने कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है वे नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करके वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु ई-मेल का पंजीकरण कराएं:

भौतिक धारिता	भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे सदस्य का नाम, फोलियो नम्बर एवं सदस्य का पता, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, आधार कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की प्रति वर्णित करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैनी के साथ लिखित अनुरोध एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ("आर टी ए"), एफ-65, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 या उसके ई-मेल: admin@mcsregistrars.com के माध्यम से भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराएं।
डिमेट धारिता	डिमेटेरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे भौतिक धारिता के अंतर्गत उपलब्ध वर्णित प्रक्रिया का पालन करके बैंकखाते मास्टर कॉपी या सत्यापित डिमेट खाता विवरण की स्व-सत्यापित स्कैन कॉपी के साथ फोलियो नं. के स्थान पर 16 अंकों वाली डीपीआईडी एवं क्लाइंट आईडी भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराएं।

सेबी ने अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी_आरटीएएमसी/पी/सीआईआर/2021/655 दिनांक 3 नवम्बर, 2021 के माध्यम से भौतिक प्रतिभूति धारकों द्वारा पैन, केवाईसी विवरण ई-मेल पता सहित एवं नामांकन का पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया है। भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्न फॉर्म में पैन, केवाईसी विवरण ई-मेल पता सहित एवं नामांकन विवरण आर टी ए के कार्यालय एफ-65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020 के पास जमा कराएं या ई-मेल admin@mcsregistrars.com पर मेल करें। कंपनी ने इस संबंध में भौतिक प्रारूप में कम्पनी के शेयर धारण करने वाले सभी सदस्यों को सूचित कर भी भेजे हैं। यह एक अंकित फॉर्म कम्पनी की वेबसाइट (www.indiaglycols.com) पर निवेशक संबंध खंड के तहत उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिमेट खाते से संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास अपना बैंक खाता विवरण अपडेट कराएं।

कम्पनी ने नियम एवं प्रावधानों तरीके से वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की जांच के लिए अहीर सक्सेना एंड कं., कम्पनी सेक्रेटरीज, गाजियाबाद के श्री उमाशंकर सक्सेना (सी.पी. नं. 7096) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।

कृते इंडिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अंकुर जैन
कम्पनी सचिव

स्थान: नोएडा, उ. प्र.
दिनांक: 13 अगस्त, 2022

जीएमवीएन ने निकाली तिरंगा साईकिल रैली

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किया शुभारंभ

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि.के तत्वाधान में तिरंगा साईकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं इस अभियान में जन-जन की सहभागिता के लिए यह तिरंगा साईकिल रैली होटल द्रोण से आराघर,रायपुर, सहस्त्रधारा, हैलीपैड, धोरण पुल, कैनाल रोड़ एवं निगम मुख्यालय होते हुए वापस होटल द्रोण में आकर सम्पन्न हुई।

एक और जहां समूचे देश के अन्दर देश प्रेम में अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं शनिवार को गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि.के द्वारा राष्ट्र भक्ति के इस महान यज्ञ में अपना छोटा सा योगदान देने का सद्प्रयास तिरंगा साईकिल रैली के रूप में किया गया। साईकिल रैली के इस 30 किलोमीटर की दूरी में अनेकों रिहाइसी क्षेत्र पड़े। इस रैली के द्वारा देश-प्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने व आजादी के अमृत महोत्सव को धूम-धाम से मनाने के लिए यह तिरंगा साईकिल रैली आयोजित की गयी। इससे पहले रैली का शुभारम्भ पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने तिरंगा साईकिल यात्रा को देश प्रेम की भावना के लिए जनजागरूकता फैलाने के लिए सार्थक प्रयास बताया। इस अवसर पर सहकारिता सचिव बीवीआरसी पुरुषोत्तम,प्रबन्ध निदेशक वंशीधर तिवारी, महाप्रबन्धक पर्यटन अनिल गर्ब्याल, सहायक महाप्रबन्धक राकेश सकलानी,प्रबन्धक होटल द्रोण अनूप अन्थवाल,प्रदीप नेगी आदि उपस्थित थे।

देशवासियों को एक डोर में बांधता है तिरंगा :राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)ने शनिवार से शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान की सभी प्रदेश एवं देशवासियों को शुभकामना दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र के प्रति एक ऐसी उमंग को प्रदर्शित करता है जो हमें हर एक देशवासी को एक डोर में बांधता है। उन्होंने कहा कि तिरंगे को देखते ही राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र को लेकर दिए जाने वाले योगदान की याद आती है। राज्यपाल ने कहा कि तिरंगा हमको समरसता, समृद्धि, खुशहाली और सुरक्षा के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने कहा की यह लोक महत्व का एक ऐसा अभियान है जो हमारी उत्साह उमंग प्रेरणा को एक डोर से जोड़ता है। उन्होंने देश एवं प्रदेश वासियों से आजादी के अमृत महोत्सव के इस पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

भाजयुमो ने शहर में निकाली विशाल तिरंगा सम्मान यात्रा

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर देहरादून के अध्यक्ष अंशुल चावला के नेतृत्व में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के निमित विशाल तिरंगा सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट,प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार,प्रदेश महामंत्री एवं युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रभारी कुलदीप कुमार, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रभारी तजिंदर पाल सिंह बग्गा एवं युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। तिरंगा सम्मान यात्रा में युवा मोर्चा महानगर देहरादून द्वारा 750 फिट का तिरंगा बनाया गया था। यात्रा में 7500 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। तिरंगा सम्मान यात्रा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा की आज जो युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवाओं का जो जन सैलाब सड़को पर उतरा है उस देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है की युवाओं में किस प्रकार से राष्ट्रवाद की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद नरेश बंसल,लोक सभा सांसद श्रीमती महारानी राज्य लक्ष्मी शाह,विधायक सविता कपूर,प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल,पुनीत मित्तल , पुष्कर काला,आदित्य चौहान, सीताराम भट्ट,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नीरज पंत,मधु सूदन जोशी, विपुल मैंदोली, कुलदीप पंत आदि शामिल रहे।

दून मेडिकल कॉलेज में सर्जरी में लाइव कार्यशाला आयोजित

देहरादून। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध दून चिकित्सालय, देहरादून के अन्तर्गत नवीन ओटी / इमरजेन्सी भवन में सर्जरी विभाग द्वारा दो दिवसीय (13 एवं 14 अगस्त 2022) राष्ट्रीय स्तर की शल्य चिकित्सा से सम्बन्धित सजीव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड, डा. आशुतोष सयाना प्राचार्य राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया।

उक्त सजीव कार्यशाला में देशभर के दूरबीन सर्जरी से सम्बन्धित विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं उन विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सकीय पद्धति के तहत लेपरोस्कोपिक सर्जरी विषयों पर सजीव शल्य चिकित्सा करने के साथ-साथ व्याख्यान देते हुए उक्त पद्धति के द्वारा नवीन तकनीकी के माध्यम से सर्जरी मरीजों के उपचार किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। दून चिकित्सालय में सर्जरी कराने हेतु उत्तराखण्ड राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से आये मरीजों की देशभर से आये विशेषज्ञ सर्जन के द्वारा सर्जरी की गई ।जिनमें डा. जुगेन्द्रा सोरोखाईबम के द्वारा हर्निया, सीबीडी लैपरोस्कोपकि सर्जरी एवं टी0एल0एच0 (टोटल लेप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टमी) सर्जरी की गई, डा. निखिल सिंह द्वारा कोलेसिस्टेकटॉमी सर्जरी,डा.पी सूर्यावंशी के द्वारा किडनी की बीमारी से सम्बन्धित मरीज की नेफ्रेक्टोमी सर्जरी एवं लेपरोस्कोपिक अपेंडेक्टॉमी सर्जरी की गई तथा डा.तमोनास चौधरी के द्वारा हर्निया एवं कोलेसिस्टेकटॉमी सर्जरी की गई।

कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर डा.आशीष कुमार श्रीवास्तव, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में चिकित्सा शिक्षा विभाग दिन-प्रतिदिन चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में नये आयाम छू रहा है, जिससे मरीजों को उत्तराखण्ड राज्य में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधायें प्राप्त हो रही है ।डा.आशुतोष सयाना प्राचार्य मेडिकल कॉलेज देहरादून के द्वारा अपने सम्बोधन के दौरान अवगत कराया गया कि राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध दून चिकित्सालय जो कि राज्य का एक उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान है में एक चिकित्सक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि हम समस्त आम जनमानस को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायें। वर्तमान में भी दून चिकित्सालय में निरन्तर रूप से नवीन चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस